# ओडीओपी उत्पादों को तकनीक से जोड़ेंगे

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

योगी सरकार की ओडीओपी योजना को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्र अब तकनीक से जोड़ेंगे। यही नहीं, प्रबंधन से जुड़े छात्र ओडीओपी उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय बाजार में बेचने की कला कारोबारियों को सिखाएंगे।

इस संबंध में एकेटीयू ने उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग के एमओयू भी किया। ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में एक इनक्यूबेशन सेंटर भी बनने जा रहा है। एमएसएमई से समझौते के बाद एकेटीयू पूरे प्रदेश के 250 से अधिक तकनीकी व प्रबंधन संस्थानों के छात्रों के लिए हैकाथन का आयोजन करेगा। इसमें बीटेक व एमबीए के छात्र ओडीओपी योजना से जुड़े उत्पादों को कैसे तकनीक से जोड़ कर बेहतर बनाया जाए विषय पर अपने सुझाव व विचार देंगे।

## एमओयू

- एकेटीयू ने सूक्ष्म मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग के एमओयू किया
- उत्पादों को बाजार में बेचने की कला भी सिखाएंगे